卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 111 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦26 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

# गणतंत्र दिवस पर हर तरफ दिखा देशभक्ति का जोश

देहरादून/रूद्रपुर(उद संवाददाता)। देश का 74वां गणतंत्र दिवस आज प्रदेश भर में शान के साथ मनाया गया। इस दौरान सरकारी गैर सरकारी कार्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। साथ ही देश भक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम मुख्य समारोह में भव्य परेड और विभिन्न सरकारी विभागों की झांकी दिखाई गई। गणतंत्र दिवस के मौके पर राजधानी देहरादून देशभक्ति के रंग में रंगी नजर आई। सरकारी इमारतों में तिरंगे लहराए गए। वहीं निजी भवनों भी तिरंगे की लाइट आजादी के महानायकों व संविधान निर्माताओं के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल ने देश एवं प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं बधाइयां दी। मुख्यमंत्री शुभकामना देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए हम सबको मिलकर योगदान देना होगा। 2025 तक उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार हर क्षेत्र में





प्रस्तुत किये गये। जगह जगह प्रभात फेरियां भी निकाली गयी। राजधानी में राज्यपाल राज्यपाल गुरमीत सिंह ने परेड ग्राउण्ड में आयोजित कार्यक्रम में तिरंगा फहराया और कार्यक्रम की शुरुआत की गई। समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी उपस्थित थे। गणतंत्र दिवस के में सजे नजर आए। केसरिया, सफेद और हरे रंग की लाइट से पुलों व सरकारी भवनों को सजाया गया था। इससे पहले राज्यपाल गुरमीत सिंह ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर राजभवन में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले पुष्कर सिंह धामी ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर सीएम आवास और बलबीर रोड स्थित भाजपा कार्यालय में तिरंगा फहराया। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को संविधान की शपथ दिलाई। मुख्यमंत्री धामी ने सभी प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की तेजी से कार्य कर रही है। जन भागीदारी एवं जन सहयोग से उत्तराखंड को देश का अग्रणी राज्य बनाया जाएगा। कहा, गणतंत्र दिवस हमारे स्वाधीनता सेनानियों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण भी कराता है। यह अवसर हमें देशभक्तों के सपनों को साकार (शेष पृष्ठ सात पर)



## परेड ग्राउंड में सुरक्षा में हुई चूक

देहरादून। गणतंत्र दिवस के मौके पर देहरादून के परेड ग्राउंड में कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा में चूक सामने आई है। सीआरपीएफ की प्रस्तुति के दौरान सुरक्षा घेरा तोड़कर सैकड़ों लोगों की भीड़ मुख्य मंच के पास पहुंच गई। लोगों की संख्या को देखकर पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में भीड़ को पीछे करने की कवायद शुरू की गई लेकिन भीड़ किसी भी हाल में पीछे हटने को तैयार नहीं थी। धक्का मुक्की को देखकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंच से निर्देश दिया कि आमजन के साथ दुर्व्यवहार ना किया जाए। इसके बाद उन्होंने अपील की कि जहां प्रस्तुति चल रही है वह जगह खाली कर दी जाए और दर्शकों को मैदान में बना रहने दिया जाए।





## कार खाई में गिरने से दो की मौत, एक गंभीर

रुद्रप्रयाग(उद ब्यूरो)। बुधवार देर रात रतूड़ा फायर सर्विस स्टेशन के पास एक वाहन खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार, घोलतीर से रतूड़ा के तरफ आते समय फायर स्टेशन के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़ते हुए लगभग 80-90 मीटर गहरी खाई में जा गिरा। वाहन में तीन लोग सवार थे। हादसे में घायल राहुल, पुत्र स्व.विजय लाल को स्थानीय लोगो ने निकाल कर अस्पताल भिजवा दिया। जबकि दो युवकों अंकित पुत्र, रघु लाल(26) और वासुदेव पुत्र, शोभाराम(25) ने मौके पर ही दम तोड़ दिया था। उनके शव




वाहन में ही फंसे हुए थे। लोगों ने तुरंत इसकी सूचना एसडीआरएफ को दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर शवों को कार से बाहर निकाला। शव कार में इतनी बुरी तरह से दबे हुए थे कि टीम को वाहन के कई हिस्सों को काटते हुए क्रेन की मदद से दोनों शवों को बाहर निकालना पड़ा। शवों को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। तीनों लोग स्थानीय निवासी ही बताए जा रहे हैं।

## कांग्रेसियों ने निकाली हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ के कार्यालय में झंडा रोहण के बाद कांग्रेसियों ने हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा निकाली। सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन व कार्यकर्ताओ ने आवास विकास में हाथ में तिरंगा लेकर एक पैदल यात्रा निकाली तथा सभी आवास विकास निवासियों से हाथ से हाथ मिलाओ यात्रा के तहत वहां के निवासियों से मुलाकात की वा कांग्रेस के साथ जुड़ने की अपील की तथा सभी ने भारत जोड़ो नफरत छोड़ो, कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद, राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाए। इस मौके पर नगर अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने कहा की देश में लगातार जिस प्रकार आपसी मतभेद बढ़ता नफरत बढ़ रही है हम सब को एकजुट होकर अपनी एकता व भाईचारे को मजबूत बनाते हुए ऐसी मानसिकता को हटाना चाहिए इसके लिए कांग्रेस को मजबूत बनाना देश हित में आपसी भाईचारे में हितकारी है. इसी कारण वे सब से अपील करते हैं कि वे कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी जी के साथ अधिक से अधिक मात्रा में जुड़े। इस मौके पर नगर कांग्रेसी कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी,नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, अशोक चुग ,मेजर सिंह, विनोद पंत, गौरव बेहड,रामबाबू, लियाकत अंसारी, राजकुमार बजाज,गुरदास कालरा, दानिश मलिक, जगरूप गोल्डी, आरिफ कुरैशी,चंदन पांडे,जीवन जोशी, बलविंदर सिंह, जितेंद्र संधू, परमजीत सिंह पम्मी, सरवर,अक्षय बावा,(शेष पृष्ठ सात पर)







### रस्म पगड़ी

बड़े दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरी पुत्रवधु **श्रीमती सरला रानी छाबड़ा पत्नी श्री सोमनाथ छाबड़ा ( फुलसुंगी )** का दिनांक 20 जनवरी 2023 को देहावसान हो गया है। जिनकी आत्मिक शांति हेतु **रस्म पगड़ी दिनांक 28 जनवरी 2023 दिन शनिवार** को दोपहर 12 से 1 बजे तक **स्थान- सतकरतार धाम गुरूद्वारा साहिब फुलसुंगी, रुद्रपुर** में होगी।

**-शोकाकुल परिवार-**

स्व.विजय छाबड़ा-शारदा रानी (देवर-देवरानी)
वीरभान छाबड़ा-सुनीता रानी (देवर-देवरानी)
राकेश छाबड़ा-नीता रानी (देवर-देवरानी)
केवल कृष्ण छाबड़ा-उषा रानी (देवर-देवरानी)
एकता अरोरा-पंकज अरोरा (पुत्री-दामाद)
प्रियंका अरोरा-दीपक अरोरा (पुत्री-दामाद)
समस्त छाबड़ा परिवार एवं कुभार परिवार

**त्रिलोक चंद छाबड़ा ( ससुर )**
सोमनाथ छाबड़ा (पति)
आशीष छाबड़ा-मोनिका छाबड़ा(पुत्र-पुत्रवधु)
विशाल छाबड़ा-सान्या छाबड़ा(पुत्र-पुत्रवधु)
अभिषेक छाबड़ा-मनी छाबड़ा(पुत्र-पुत्रवधु)
अदिति,एंजल,अविश,रूहानी,अर्जुन,नव्या,कबीर,
अनिका,अनहद,अनंत,अनाया, अभिमन,(नाती-पोते)


çfr"Bku% eV\`l x\`yjh #æi\`j] NkcMk fdjkuk LVkj Qy\`l\`xh
vk'khokn VfMx dEiuh]#æi\`j ek-9927326111]9675300143]9837157323


## 27 अप्रैल को खुलेंगे बद्रीनाथ धाम के कपाट

ऋषिकेश(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध बदरीनाथ धाम के कपाट 27 अप्रैल को प्रात: 7 बजकर 10 मिनट बजे खुलेंगे जबकि गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा का दिन 12 अप्रैल निश्चित हुआ। राजदरबार नरेंद्र नगर में बसंत पंचमी के शुभ अवसर पर आयोजित धार्मिक समारोह में पंचांग गणना पश्चात



विधि विधान ने कपाट खुलने की तिथि तय हुई। जबकि गाडू घड़ा तेल कलश यात्रा हेतु 12 अप्रैल की तिथि निश्चित हुई। इस अवसर पर टिहरी (शेष पृष्ठ सात पर)

### रस्म पगड़ी

बड़े दु:ख के साथ अवगत कराना है कि हमारे परम पूज्य पिताजी **श्री जगदीश प्रसाद शर्मा जी ( कौशिक )** का देहावसान 15 जनवरी 2023 को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति के लिए **शांति हवन, ब्रम्हभोज व रस्म पगड़ी दिनांक 27 जनवरी 2023 दिन शुक्रवार** को हमारे निवास **इंदिरा कालोनी, गली नं. 1, मकान नं. 1, रूद्रपुर** में संपन्न होगी।

**ब्रम्हभोज प्रात: 11 बजे से 1 बजे**
**रस्म पगड़ी: दोपहर 2:30 से 3:30 बजे**

**-: शोकाकुल परिवार:-**

एवं समस्त कौशिक परिवार व मित्रगण
**फर्म- पंडितजी इलेक्ट्रोनिक्स एण्ड प्रोपर्टीज**
गली नं. 1, इंदिरा कालोनी, रूद्रपुर

मुसद्दी लाल (पुत्र)
देवेन्द्र कुमार कौशिक (पुत्र)
पवन कुमार कौशिक (पुत्र)

# ध्वजारोहण कर धूमधाम से मनाया 74वाँ गणतंत्र दिवस

गदरपुर( उद संवाददाता)। क्षेत्र में 74वां गणतन्त्र दिवस समारोह नगर में धूमधाम से मनाया गया। सभी सरकारी/अर्द्धसरकारी कार्यालयों एवं विद्यालयों में ध्वजारोहण किया गया। स्कूलों द्वारा नगर में प्रभात फेरी निकाली गयी। वही नगर व क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर लोगों ने ध्वजारोहण कर दिवस मनाया गया। गया। नेहरु मार्केट में व्यापार मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में जिसमें जिला व्यापार मंडल अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी, नगर अध्यक्ष दीपक बेहड़, कथावाचक कन्हैया लाल, महामंत्री संदीप चावल, कोषाध्यक्ष राहुल अनेजा द्वारा संयुक्त रुप ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर राईस मिलर्स एसोसिएशन अध्यक्ष अनिल कुमार भुसरी, महामंत्री पंकज बजाज, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, पंजाबी महासभा अध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, महामंत्री संजीव झाम, कोषाध्यक्ष कृष्ण लाल अनेजा, सिद्धार्थ भुसरी, डा. खुराना, सुभाष बेहड़, राकेश गुम्बर, अजायब सिंह धालीवाल, इन्द्रजीत डाबर, रमन छाबड़ा, डा. सोनू विश्वास सहित काफी संख्या में व्यापारी मौजूद थे। वहीं कांग्रेस कार्यालय हजारी लाल पेट्रोल पंप पर भी कार्यक्रम आयोजित किया गया।



नरेन्द्र ग्रोवर द्वारा ध्वजा रोहण किया गया। इसके उपरान्त नगर के विभिन्न स्कूलों द्वारा रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये। इस मौके पर धर्मचन्द खेड़ा, हरिचन्द छाबड़ा, विजय सुखीजा, टीकम खेड़ा, हरनाम सिंह सेतिया, विजय छाबड़ा, चम्पा पांडे, ज्ञान चन्द बजाज, आदि मौजूद थे। नगरपालिका परिषद में पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस ने ध्वजारोहण किया। इसके उपरान्त पर्यावरणमित्रों को गर्म वर्दी का वितरण किया गया। इस मौके पर अधिशासी अधिकारी जगदीश चन्द्रा, ब्रजेश कुमार बिल्लन, अमरजीत सिंह, संजीव लीना झाम, जुनैद अंसारी, मिनाक्षी, ऋषभ कम्बोज, सुनील कुमार, शिव प्रसाद गुप्ता, सीताराम, अशोक कुमार बांगा, विजेन्द्र कुमार, दया जोशी, मुकेश कुमार, जयपाल शर्मा, जानकी प्रसाद जोशी आदि मौजूद थे। थाने में राकेश पाण्डेय ने, तहसील परिसर में तहसीलदार, देवेन्द्र सिंह बिष्ट, मंडी समिति में अध्यक्ष सुभाष गुम्बर/सचिव कैलाश शर्मा, स्टेट बैंक में चीफ मैनेजर राकेश कुमार, ब्लाक कार्यालय वीडीओ शेखर जोशी, रेडरोज कॉन्वेन्ट स्कूल में डायरेक्टर एनएस धालीवाल, एसएस पब्लिक स्कूल में सचिव डीपी सिंह, प्रधानाचार्य मनोज काण्डपाल, राजरानी में प्रधानाचार्य सरोज अरोरा, सेंट मेरी स्कूल में फादर, ग्राम सरदार नगर जूनियर हाईस्कूल में पूर्व डीसीबी अध्यक्ष टीकम खेड़ा एवं ग्राम प्रधान शिल्पी खेड़ा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डा. संजीव सरना आदि ध्वजा रोहण किया गया एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित हुए। सरकारी व अर्द्धसरकारी स्थलों पर लोगों ने एक दूसरें को गणतन्त्र. दिवस की शुभकामनायें देते हुये गणतंत्र दिवस को धूमधाम से मनाया।

## नवयुग विद्या मंदिर में सभासद लीना झाम ने किया ध्वजारोहण

गदरपुर( उद संवाददाता)।आजादनगर वार्ड नं.10 व आदर्शनगर वार्ड नं.5 स्थित नवयुग विद्या मंदिर स्कूल में सभासद लीना संजीव झाम द्वारा गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में सम्मान से झंडा फहराया गया तदोपरांत राष्ट्रगान हुआ। इस दौरान सभासद झाम ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है इसकी



शान को बरकरार रखने के लिए हम अपनी जान की कुर्बानी देने के लिए भी तैयार हैं। इस मौके पर प्रबंधक हरबंस हुड़िया, प्रधानाचार्य रमेश रानी, अंजु सती, पंजाबी महासभा महामंत्री संजीव झाम, रवि प्रकाश, कार्तिक भट्ट, रमन छाबड़ा, उपासना, रूबी, शोभा, मेहनाज, निशा, गुलिस्ता, फूलजहां, मीना, संध्या, नर्गिस, मुस्कान, नसरीन, वंश शर्मा आदि सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## बेहड़ के कार्यालय पर धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

किच्छा( उद संवाददाता)। विधायक तिलकराज बेहड़ के कार्यालय पर 74 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर भारत का राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराया गया तथा सभी ने मिलकर राष्ट्रगान गया। किच्छा आवास विकास स्थित विधायक कार्यालय में 74 वें गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र वासियों व कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी एकत्र हुए वरिष्ठ कांग्रेसी रामबाबू जी के द्वारा राष्ट्रीय ध्वज लहराया गयानगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने रामबाबू को सॉल पहना कर उनका सम्मान किया सभी ने राष्ट्र गीत गया तथा भारत माता की जय वंदे मातरम के नारे लगाए,सभी ने शहीदों को याद किया जिन्होंने जिनके दम पर हमारा देश आजाद हुआ है। इस मौके पर किच्छा विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई और



शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ये ही वह दिन है जब भारत पूर्ण रूप से गणतंत्र बन गया था और देश को संविधान प्राप्त हुआ था। इस मौके पर नगर कांग्रेसी कमेटी अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष गुड्डू तिवारी, नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली, अशोक चुग ,मेजर सिंह, विनोद पंत, गौरव बेहड, रामबाबू, लियाकत अंसारी, राजकुमार बजाज,गुरदास कालरा, दानिश मलिक, जगरूप गोल्डी, आरिफ कुरैशी, चंदन पांडे,जीवन जोशी, बलविंदर सिंह, जितेंद्र संधू, परमजीत सिंह पम्मी, सरवर, अक्षय बावा, राकेश खुराना, गिरीश चिटकारा, जितेंद्र संधू, सुनीता कश्यप, महेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश दुआ,तिरपत पाल सिँह,ओमप्रकाश गंगवार,नितिन शर्मा, अशोक मित्रा,जीवन जोशी, खालिद अहमद, सरवर, इम्तियाज मलिक, दिलीप बिष्ट, एन यू खा, ताहिर मलिक, मिबायल कुरैशी,दुर्गेश गुप्ता,, सोनी, वर्षा, मीना, सुखदेव सिँह, अंग्रेज सिँह, राजवीर सिँह,परवीन सैन, विनोद मौर्य,अर्जुन कोली, प्रवेश गंगवाल राजकुमार कश्यप, दलजीत कक्कड़, दीप हँसपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## पर्यावरण मित्रों को गर्म वर्दी वितरित

गदरपुर ( उद संवाददाता)।नगर पालिका परिषद गदरपुर में अध्यक्ष गुलाम गोस द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात पर्यावरण मित्रों को गर्म वर्दी का वितरण किया गया जिसमें अधिशासी अधिकारी जगदीश चंद्र, बृजेश कुमार, अमरजीत सिंह, संजीव, लीना झाम, संजीव झाम, जुनेद अंसारी, मीनाक्षी, ऋषभ कंबोज, सुनील कुमार, शिव प्रसाद गुप्ता, सीताराम सिंह चौहान, अशोक कुमार बांगा, विजेंद्र कुमार, दया जोशी, मुकेश कुमार, जयपाल शर्मा, जानकी प्रसाद जोशी, राजेंद्र कुमार, उमेश कुमार राहुल अरुण कुमार, तौफीक, राजकुमार, नन्हे, विक्की, माया, किरण आदि लोग उपस्थित हुए।




कार्यालय नगर पंचायत दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर)

नगर पंचायत दिनेशपुर की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
74 वें गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जनता से अनुरोध व अपेक्षायें -

1. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2. पंचायत करों एवं देयकों के साथ ही यूजर चार्ज का समय से भुगतान करें।
3. गीला एवं सूखा कूड़ा घर से ही अलग-अलग दें।
4. नगर पंचायत सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
5. प्रतिबन्धित सामग्री पॉलीथीन तथा थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग / विक्रय/भण्डारण न करें।
6. स्वच्छता कार्मिकों के साथ सहयोग करते हुए सुन्दर दिनेशपुर-स्वच्छ दिनेशपुर की परिकल्पना साकार करें।
7. सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकना एवं थूकना प्रतिबन्धित / दण्डनीय है।



सुश्री सरोज गौतम
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दिनेशपुर

श्रीमती सीमा सरकार
अध्यक्ष
नगर पंचायत दिनेशपुर

सदस्यगण

1. श्री सुकुमार सरकार, 2. श्री सुकुमार सरकार, 3. श्री प्रशान्त मालाकार, 4. श्री प्रोजीत मण्डल, 5. श्रीमती सुनीता मिस्त्री, 6. श्रीमती कनुप्रिया शाहा, 7. श्रीमती ब्यूटी शील, 8. श्री सत्यजीत विश्वास, 9. श्री गोविन्द मण्डल, 10. श्री हिमांशु सरकार (नामित सभासद)
एवं समस्त स्टाफ, नगर पंचायत दिनेशपुर (ऊधमसिंह नगर)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद किच्छा ( ऊधमसिंहनगर )

पत्रांक- 15 / शुभकामनायें / 2022-23 दिनांक 25-01-2023

### शुभकामनायें

**नगर पालिका परिषद्, किच्छा अपने समस्त नागरिकों को 74वें गणतन्त्र दिवस एवं राष्ट्रीय पर्व के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनायें देती है और नगर वासियों से अपेक्षा करती है कि डेंगू से बचाव व्यक्तिगत सुरक्षा एवं अपने नगर को स्वच्छ व साफ सुथरा रखने हेतु निम्न बिन्दुओं का अनुपालन कर सहयोग करें।**

**किच्छा के वासियों से डेंगू से बचाव हेतु अपील**

1. अपने घर के आस-पास पानी बिल्कुल भी जमा न होने दें।
2. घर में फूल का गमला एवं गमला रखने वाली ट्रे में पानी न ठहरने दें।
3. ऐसे कपडे पहने जो शरीर को ज्यादा से ज्यादा ढक सके।
4. कूलर का पानी नियमित रूप से बदलते रहे।
5. बेकार बर्तन, खुली बोतले/ डिब्बे टूटा हुआ प्लास्टिक, पुराने टायर घर में एकत्रित न करें।
6. पानी की टंकी एवं खुले बर्तनों को अच्छी तरह ढक कर रखें।
7. मच्छरदानी का प्रयोग करें।

### अपील

1. नगर पालिका समस्त नागरिकों से मा० प्रधानमंत्री जी द्वारा निर्देशित स्वच्छ भारत अभियान के तहत अपने नगर को स्वच्छ रखने हेतु सहयोग की अपेक्षा करती है।
2. स्वच्छता सुविधाओं के प्रति जागरूकता पैदा करना तथा शौचालय की आवश्यकता एवं उपभोग करना।
3. हाथ धुलाई का महत्व (खाने से पहले खाने के बाद एवं शौच के बाद) के प्रति जागरूकता पैदा करना।
4. अपने घरों का कूड़ा कूड़ेदान में रखे तथा पालिका द्वारा डोर-टू-डोर भेजे जाने वाले वाहन में ही कूड़ा डालकर नगर को स्वच्छबनाने में सहयोग प्रदान करें।
5. समस्त विद्यालयों, कार्यालयों, सामाजिक संगठनों तथा व्यापारियों, होटल रेस्टोरेन्ट स्वामियों से अपेक्षा है कि वे अपने विद्यालयों कार्यालयों, होटलों/रेस्टोरेन्ट को स्वच्छ रखे तथा नियत स्थान पर ही कूड़ा डालें।
6. उत्तराखण्ड सरकार की अधिसूचना संख्या 84 दिनांक 16.02.2021 द्वारा राज्य में प्लास्टिक / थर्मोकोल / स्टायरोफोम के कतिपय सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण, आयात, भण्डारण, वितरण, बिक्री और उपयोग को पूर्णत: प्रतिबन्ध किया गया है एवं भारत सरकार की अधिसूचना संख्या 671 (अ) दिनांक 12-06-2021 द्वारा भी कतिपय सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों का विनिर्माण, आयात, बिक्री, भण्डारण पर दिनांक 01-07-2022 से सम्पूर्ण देश में पूर्णत: प्रतिबंध कर दिया गया है। अत: समस्त नागरिको से अपील है कि सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें।
7. स्वच्छ भारत अभियान के अन्तर्गत जैविक, अजैविक कूड़ा एवं घरेलू परिसंकटमय कूड़े को पृथक-पृथक कूडेदान में डाले।
8. सोडिल वेस्ट से सम्बन्धित शिकातयें विभागीय वेब साईट kichh.nppnp.com विभागीय टॉल फ्री नम्बर 18003091972 के 18003904363 (ऑउटसोर्स फर्म मै०के०पी०एस० इन्वारोटेक प्रा० लि०) एवं मा० उच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित ई-मेल आई डी० solidwaste-complaint@uk.gov.in पर दर्ज कर सकते हैं।
9. अपने पशुओं को सड़क पर आवारा न छोड़े तथा उनका मल नाला / नालियों व नहरों में न बहाये तथा शासकीय भूमि / सडक व नाली के ऊपर अतिक्रमण न करें।
10. नगर पालिका के गृहकर कर, यूजरचार्ज एवं अन्य देयकों का समय से भुगतान करें।
11. नगर के सर्वांगीण विकास हेतु सहयोग करें तथा अपने सुझावों से निकाय को अवगत कराये।।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद किच्छा**

**दर्शन कुमार कोली**
**अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद किच्छा**

**एवं समस्त सदस्यगण / कर्मचारीगण**

श्री रणजीत सिंह नगरकोटी, श्रीमती सूरजमुखी, श्री लियाकत अली, श्री हसीब अहमद श्री राजकुमार श्रीमती सिमरनजीत कौर श्री. शोभित शर्मा, श्री पुष्कर सिंह रौतेला, श्री संजीव कुमार, श्री सन्दीप अरोरा (सोनू), श्रीमती सबिया बेगम, श्री फिरासत खां, श्रीमती शबनम, श्रीमती सैजी, श्रीमती मोहसिना आरिफ, श्रीमती संतोष रानी श्रीमती शशिबाला, श्री तौसीफ अहमद अंसारी, श्रीमती राशिदा, श्री अफसार सभासदगण एवं श्री देवेन्द्र शर्मा, श्री सचिन जायसवाल, श्री सरन संधू,श्री राजीव सक्सेना नामित सभासदगण व श्री कुलदीप सिंह बग्गा, सांसद प्रतिनिधि ।



## कार्यालय नगर पंचायत
## गूलरभोज (ऊधम सिंह नगर)

### की ओर से गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

- घर दुकान प्रतिष्ठान का कूड़ा-कचरा सदैव कूड़ेदान में ही डालें।
- पॉलीथीन, प्लास्टिक थैलियों का प्रयोग न करें।
- कभी भी कहीं भी खुले में शौच न जायें। सार्वजनिक शौचालय का प्रयोग करें।
- नगर पंचायत गूलरभोज द्वारा निर्धारित यूजर चार्ज समय पर जमा करें।
- समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठान समय पर लाईसेन्स बनवायें।



**अनीता दुबे**
अध्यक्ष
नगर पंचायत,गूलरभोज



**आशीष नेगी**
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत,गूलरभोज

सभासद:- वार्ड 1 रमेश सागर, वार्ड 2 सतीश कुमार, वार्ड 3 निर्मला देवी, वार्ड 4 नरेश कुमार, वार्ड 5 पूनम आर्या, वार्ड 6 संजीव भटेजा, वार्ड 7 उषा राजभर एवं समस्त कर्मचारीगण नगर पंचायत गूलरभोज


## क्षतिग्रस्त सड़क का निर्माण के लिए सौंपा ज्ञापन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। नगर पंचायत वार्ड नंबर 2 गोविंदपुर चौराहे से क्षतिग्रस्त सड़क एवं नाली बनाने के लिए लक्ष्मण गिरि के घर से गिरीश पाठक के घर तक सड़क एवं नाली पूरी तरह से क्षतिग्रस्त है जिस कारण वहां के निवासियों द्वारा बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या का सामना करना पड़ रहा है तथा वहां के निवासियों को आवागमन में असुविधा हो रही है क्षतिग्रस्त सड़क एवं नाली के कारण यहां कभी भी कोई भी दुर्घटना घटित हो सकती है नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आशीष नेगी को एक ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर सुनील पाठक, लक्ष्मण गिरि, उमा देवराड़ि, देवकी तिवारी, लकी, प्रमोद मेहरा,राजू डोगरा आदि उपस्थित थे।


## कार्यालय जिला पंचायत अल्मोड़ा

**74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर जिला पंचायत अल्मोड़ा की ओर से हार्दिक शुभकामनायें**

जनपद वासियों से अनुरोध है कि उत्तराखण्ड जिला पंचायत अधिनियम 2016 के तहत बनाई गयी उपविधियों के अनुरूप नियमानुसार कोई भी व्यवसाय बिना लाईसैन्स के करना नियम के विरूद्ध है। अत: कर एवं लाईसैन्स शुल्क, विभव एवं सम्पत्ति कर नियमानुसार समय पर जमा करने का कष्ट करें। साथ ही समस्त जनपदवासियों से अनुरोध है कि अपने जनपद को स्वच्छ बनाये रखने में अपना सहयोग प्रदान करें, सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें,कूड़ा डस्टबीन में ही डालें। उत्तराखंड के धार्मिक स्थलों को स्वच्छ बनाये रखें तथा पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने में अपना योगदान करें।

**चंचल जोशी**
अभियन्ता
जि0पं. अल्मोड़ा

**जगदीशप्रसाद**
अपर मुख्य अधिकारी
जि0पं. अल्मोड़ा

**कान्ता रावत**
उपाध्यक्ष
जि0पं. अल्मोड़ा

**उमा सिंह**
अध्यक्ष
जि0पं. अल्मोड़ा

**एवं समस्त सम्मानित सदस्यगण एवं जिला पंचायत परिवार अल्मोड़ा।**



**गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें**

## अरोरा डेन्टल केयर



Dental Facilities / सुविधायें

डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढे-मेढे दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling

B.D.S.,PGDHA
(Oral Implantologist)



B.D.S.,(Dental Surgeon)
M.9997327642

(15 साल का अनुभव)

1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur



## xkfoUn cYyHk iUr jk"Vªh; fgeky;h i;kZoj.k lLFkku

G.B. Pant 'National Institute of Himalayan Environment' (NIHE)

dkslh&dVkjey] vYeksM+k&263 643] mRrjk[k.M] Hkkjr

Kosi-Katarmal, Almora 263 643, Uttarakhand, India

**'गणतंत्र दिवस'- 2023 के शुभ अवसर पर हार्दिक शुभकामनाओं सहित**

संस्थान अपने स्थापना वर्ष (1988-89) से ही भारतीय हिमालयी क्षेत्र में पर्यावरण के संरक्षण एवं सतत विकास हेतु उपयुक्त अनुसंधान के द्वारा नई प्रौद्योगिकियों को विकसित करने तथा उसे प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण के माध्यम से स्थानीय जनता तक ले जाने हेतु सदैव कृत संकल्प रहा है।

वर्तमान में संस्थान द्वारा भारतीय हिमालयी क्षेत्र में जलवायु परिवर्तन, पर्यावरणीय आंकलन, मृदा एवं जल स्रोतों के प्रबंधन तथा जैव विविधता के संरक्षण एवं संवर्धन से सम्बंधित क्षेत्रों में शोध कार्य किये जा रहे हैं। हिमालयी क्षेत्रों के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को ध्यान में रखते हुए, संस्थान हिमालयी संस्कृतियों के संरक्षण एवं महिलाओं, कमजोर वर्गों और कोविड- 19 से प्रभावित व्यक्तियों की आजीविका वृद्धि में योगदान हेतु प्रयासरत है। संस्थान के सभी कार्यों और अर्जित उपलब्धियों का विस्तृत विवरण संस्थान की वेबसाइट ृ।हइचपीमक।हवअ।पद पर उपलब्ध है। यह संस्थान हिमालय के पर्यावरणीय संरक्षण एवं सतत विकास हेतु कार्यरत सभी संस्थाओं और नागरिकों के सुझावों को सहर्ष आमंत्रित करता है।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित, जय हिन्द!

साभार
निदेशक एवं सहयोगी


## गणतंत्र दिवस पर वंदेमातरम ग्रुप ने कराया भंडारा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। समाजसेवी वंदेमातरम ग्रुप द्वारा आज गणतंत्र दिवस के उपलक्ष में आज गांधी पार्क में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों लोगों ने भंडारा प्रसाद ग्रहण किया। ग्रुप के संस्थापक संजय कुमार सनातनी ने बताया कि ग्रुप का मुख्य उद्देश्य समाज के गरीब, असहाय व बेसहारा लोगों की मदद करने के साथ ही समय समय पर समाज सेवा के कार्य करना है। उन्होंने बताया कि ग्रुप के सभी सदस्य एकजुट होकर निरंतर सहयोग प्रदान करते हैं। ग्रुप के द्वारा जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध कराने के लिए रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाता है। वंदेमातरम ग्रुप द्वारा वर्ष 2015 से भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आज गांधी पार्क में आयोजित भंडारा से पूर्व विधायक शिव अरोरा ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर सलामी दी। उन्होंने वंदेमातरम ग्रुप को समाज सेवा के कार्यों के लिए बधाई दीं।




## ANANT GRAPHICS

Anant Graphics

All Kinds of Printing Solution...

Price | Time | Quality

We Deals In

Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lamination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing

More information call us
98377 77818

Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

उत्तराखण्ड शासन

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA

एक ही लक्ष्य - एक ही सपना
सर्वश्रेष्ठ बने उत्तराखण्ड अपना

26 जनवरी

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

संकल्प नये उत्तराखण्ड का


- प्रधानमंत्री जी के विज़न के अनुरूप श्री केदारनाथ व
- मुख्यमंत्री वात्सल्य योजना: कोविड के कारण अनाथ बच्चों

श्री बदरीनाथ धाम का पुनर्निर्माण व पुनर्विकास। इस बार की चारधाम यात्रा में रिकार्ड 45 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किये।


- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत प्रदेश के लगभग 9 लाख 38 हजार किसानों के खातों में लगभग 1767 करोड़ रुपये की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।
- किसानों को तीन लाख रुपए और महिला स्वयं सहायता समूहों को बिना ब्याज के पांच लाख रुपए तक का ऋण।
- केंद्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।
- ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से कार्य गतिमान, टनकपुर-बागेश्वर और डोईवाला से गंगोत्री-यमुनोत्री रेललाइन के सर्वे पर सहमति।
- पर्वतीय क्षेत्रों में रोप-वे हेतु पर्वतमाला परियोजना, प्रधानमंत्री जी द्वारा गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ड साहिब रोप-वे का शिलान्यास।
- अटल आयुष्मान उत्तराखण्ड योजना में सभी परिवारों को 5 लाख रुपये वार्षिक तक के निःशुल्क ईलाज की सुविधा।
- सरकारी नौकरियों में महिलाओं को मिलेगा 30% क्षैतिज आरक्षण।

की देखभाल राज्य सरकार द्वारा।

- होम-स्टे योजना व वोकल फॉर लोकल के लिये एक जनपद दो उत्पाद योजना से अर्थव्यवस्था को मजबूती।
- समान नागरिक संहिता की ओर बढ़ते कदम।
- जबरन धर्मान्तरण पर आया सख्त कानून।
- मानसखण्ड मन्दिर माला मिशन से पौराणिक मन्दिरों का संरक्षण एवं पुनर्विकास।
- मुख्यमंत्री आंचल अमृत योजना में आंगनबाड़ी केन्द्रों के 2 लाख 13 हजार से ज्यादा बच्चों को भोजन के साथ फर्टिफाइड विटामिन A और D युक्त दूध दिया जा रहा है।
- निर्धन परिवारों को साल में 3 गैस सिलेण्डर मुफ्त।
- स्कूल और कॉलेज के बच्चों को मोबाइल टेबलेट दिये गये, सरकारी स्कूल के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें।
- मण्डुवा को बढ़ावा, केन्द्र से मिली मण्डुवा प्रोक्योरमेंट की मंजूरी।
- ईज़ आफ डूइंग बिजनेस में अग्रणी, स्टार्ट-अप में अचीवर्स श्रेणी में शामिल।








## सरलीकरण, समाधान, निस्तारीकरण एवं संतुष्टि - उत्तराखण्ड सरकार का मूलमंत्र

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी

www.uttarainformation.gov.in uttarakhandDIPR DIPR_UK uttarakhand DIPR

उत्तरांचल दर्पण

# सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## मुकदमों के बोझ और लंबित नियुक्तियां

देश भर में अदालतों पर मुकदमों के बोझ को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। अनेक सुझाव भी सामने आते रहे हैं कि न्यायाधीशों की नियुक्त से लेकर मुकदमों को निपटाने के लिए आधुनिक तकनीकी व्यवस्था जैसे उपायों के जरिए इस समस्या की जटिलता को कम किया जा सकता है। हालांकि आए दिन न्यायाधीशों की नियुक्ति के मामले में अलग-अलग कारणों से बहस चलती रहती है। लेकिन सरकार और न्यायपालिका के बीच अब तक कोई ऐसी सहमति नहीं बन सकी है, जिससे इस गंभीर समस्या का हल निकल सके। अब एक बार फिर कानून मंत्री किरेन रिजीजू ने मुकदमों के अंबार को लेकर चिंता जाहिर करते हुए इसके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने की बात कही है। उन्होंने कहा कि देश की विभिन्न अदालतों में करीब चार करोड़ नब्बे लाख मामले लंबित हैं और ऐसे में सरकार और न्यायपालिका को साथ मिल कर काम करना होगा, ताकि तेज गति से न्याय हो सके। इस संदर्भ में उन्होंने प्रौद्योगिकी की भी महत्त्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इसमें कोई दो राय नहीं कि कानून मंत्री की फिक्र न्यायिक क्षेत्र में एक जटिल हो चुकी समस्या को संबोधित है और इसके समाधान के लिए अब केवल चिंता जाहिर करने से आगे सार्थक पहल करने की जरूरत है। सवाल है कि दशकों से यह समस्या अब तक क्यों कायम है! आखिर हमारी न्याय व्यवस्था किस पद्धति, तंत्र और सीमा के तहत काम कर रही है कि मामलों के बोझ से उपजी मुश्किल और जटिल होती गई है? यह बेवजह नहीं है कि मुकदमों पर सुनवाई साल-दर-साल खिंचती रहती है और इस तरह न्याय की उम्मीद भी अपना महत्त्व खोती जाती है। इस संदर्भ में एक मशहूर उक्ति है और खुद कानून मंत्री ने भी यह माना है कि लंबित मामलों का मतलब न्याय में देरी है। न्याय में देरी का अर्थ न्याय से इनकार है। सरकार से लेकर न्यायपालिका में सभी स्तरों पर इस हकीकत से परिचित होने के बावजूद ऐसे किसी हल तक पहुंचना जरूरी क्यों नहीं लगता जो न्यायपालिका और न्याय पर भरोसे को मजबूत करे। न्यायालयों की कमी को दूर करने के साथ-साथ न्यायाधीशों के खाली पड़े पदों पर नियुक्ति और इसकी प्रक्रिया को लेकर एक सर्वमान्य हल तक पहुंचना एक प्राथमिक जरूरत है। लेकिन इस संबंध में अन्य विकल्पों पर विचार करना भी वक्त का तकाजा है। मसलन क्या आधुनिक तकनीकी या प्रौद्योगिकी के सहारे कोई ऐसा तंत्र बनाया जा सकता है या इसका इस्तेमाल किया जा सकता है, जिससे मुकदमों के बोझ को कम करने में मदद मिले? विधि आयोग की एक रिपोर्ट में इस बात की सिफारिश की गई थी प्रति दस लाख की आबादी पर कम से कम पचास न्यायाधीशों की जरूरत है। हकीकत यह है कि इतनी आबादी पर सिर्फ सत्रह न्यायाधीश हैं। यह बेवजह नहीं है कि इतनी बड़ी आबादी के बीच आए दिन अदालतों में आने वाले मुकदमे में वक्त पर इंसाफ मिलना तो दूर, सुनवाई के लिए भी लोगों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। मुकदमों में कमी लाने के लिए लोक अदालतों का सहारा लेना एक विकल्प जरूर है, लेकिन सवाल है कि न्याय की गुणवत्ता के मद्देनजर कोई नियमित व्यवस्था नहीं होती है तो इस माध्यम से कितनी मदद मिल सकती है। फिलहाल मुकदमों की प्रकृति के मुताबिक उन्हें वर्गों में बांट कर एक समयबद्ध कार्यक्रम के तहत उन्हें निपटाने की कोशिश की जा सकती है। लेकिन दीर्घकालिक हल के लिए न केवल लंबित मामलों में कमी लाने, बल्कि अदालतों में रोज आने वाले मुकदमों को निपटाने के लिए एक सुचिंतित और व्यापक तंत्र को मजबूत करने की जरूरत है।

# शिक्षण संस्थानों में सांस्कृतिक कार्यक्रम की धूम

काशीपुर/आईटीआई/कुंडा/(उद संवाददाता)। 74 वें गणतंत्र दिवस के मौके पर यहां सरकारी अर्द्ध सरकारी कार्यालयों समेत शिक्षण संस्थानो व राजनैतिक सामाजिक संगठनों में तिरंगा शान से लहराया। इस मौके पर तमाम स्थानों पर खेल प्रतियोगिताओं के अलावा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया। मेधावी बच्चे, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी समेत विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया गया। गणतंत्र दिवस के मौके पर एसडीएम कार्यालय में सुबह राष्ट्रीय ध्वज पहनाकर उसे जोरदार सलामी दी। इस दौरान देश की आजादी के लिए प्राण निछावर करने वालों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए मौजूद लोगों को गणतंत्र के बारे में जानकारी दी। बताया कि 15 अगस्त 1947 को देश आजाद जरूर हुआ था लेकिन हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। यही वह दिन है जब भारत देश पूर्ण गणतंत्र बना। इसलिए 26 जनवरी का पर्व राष्ट्रीय गणतंत्र पर्व के रूप में मनाया जाता है। इसी तरह बार एसोसिएशन के सभागार में बाहर के अध्यक्ष, अपर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एएसपी, सीओ कार्यालय में क्षेत्राधिकारी, कोतवाली में प्रभारी निरीक्षक, यातायात कार्यालय में ट्रेफिक इंस्पेक्टर, एलआईयू में इंस्पेक्टर, होमगार्ड कार्यालय में कमांडेंट, के अलावा चंद्रावती तिवारी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य, जीजीआईसी में प्रधानाचार्य, राधे हरि स्नाकोत्तर महाविद्यालय समेत गोविंद बल्लभ पंत इंटर कॉलेज, उदय राज हिंदू इंटरमीडिएट कॉलेज, डीएवी, तारावती सरोजनी देवी सरस्वती इंटरमीडिएट कॉलेज, के साथ ही रेलवे स्टेशन पर स्टेशन प्रबंधक, रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर निरीक्षक, जीआरपी पुलिस चौकी में इंचार्ज द्वारा सुबह सवेरे तिरंगा शान से फहराया गया। इसी के साथ ही लोक निर्माण विभाग, सिंचाई खंड, डिजाइन सेंटर, नवीन कृषि मंडी, सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय, स्पोर्ट्स स्टेडियम काशीपुर, क्षेत्रीय कार्यालय प्रदूषण विभाग, राजकीय चिकित्सालय, सीतापुर आई हॉस्पिटल, पशु चिकित्सालय, तमाम प्राइवेट हॉस्पिटल, रोडवेज बस स्टैंड, सभी सरकारी अर्द्ध सरकारी व प्राइवेट बैंक, आबकारी कार्यालय, आईटीआई, पॉलिटेक्निक, श्रीराम इंजीनियरिंग कॉलेज, एसआईएमटी, भारतीय प्रबंधन संस्थान, एसओजी कार्यालय, के साथ ही कुंडा व आईटीआई थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर तिरंगा शान से लहराया गया। इस मौके पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावा खेल प्रतियोगिताओं का भी लगातार आयोजन किया जा रहा है। ऐसे ही औद्योगिक आस्थान महुआ खेड़ा गंज में स्थित दर्जनों उद्योगों में तिरंगे की शान में लोगों ने शीश नवाए।



# गूलरभोज में धूमधाम से मना गणतंत्र दिवस

गूलरभोज(उद संवाददाता)।गणतंत्र दिवस पर नगर पंचायत में चेयर पर्सन अनीता दुबे, सरस्वती शिशु मंदिर में डॉ कुलदीप रघुवंशी पुलिस चौकी में राकेश कठायत, जीके कान्वेंट स्कूल में गोविंद लटवाल मेन चौराहे पर वेद प्रकाश शर्मा द्वारा झंडारोहण किया गया और व्यापारियों के द्वारा बुजुर्ग व्यक्तियों को सम्मानित भी किया गया और मिठाई



वितरण किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष डॉ कुलदीप रघुवंशी, ओम प्रकाश डोगरा, आनंद सिंह पानू, बाबूराम, रविंदर डोगरा, हरीश गिरी, ईश्वरी डोगरा, पवन डोगरा, संजीव भटेजा ,हरीश छाबड़ा, विजय गुंबर, घनश्याम मुरारी, राकेश ग्रोवर, जीवन गुरु रानी, अशोक वर्मा ,अजय अरोरा, सुधीर साहू, अमित कुमार गुप्ता आदि लोग उपस्थित थे।



पुलिस लाईन में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में जयगुरूदेव इंडस्ट्रीज के रोहित गुंबर को सम्मानित करते एसएसपी मंजूनाथ टीसी और विधायक शिव अरोरा।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)

## 74वें गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में नगर पालिका परिषद गदरपुर की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं तथा नगर की सम्मानित जनता से निम्न अपेक्षा करती है:-

1. नगर को स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।
2. पालिका करों एवं देयको के अलावा यूजर चार्ज का समय से भुगतान करें।
3. गीला एवं सूखा कूड़ा घर से ही अलग-अलग दें।
4. पालिका सीमान्तर्गत सार्वजनिक मार्गों एवं नालियों पर अतिक्रमण न करें।
5. **प्रतिबन्धित सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें एवं पॉलीथीन/ थर्माकोल से बने उत्पादों का प्रयोग/विक्रय/भण्डारण न करे।**
6. स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में सफलता हेतु नगर को स्वच्छ रखने में सहयोग करे।
7. सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेकना एवं थूकना प्रतिबन्धित / दण्डनीय है।
8. डेंगू एवं मलेरिया से बचाव हेतु घर अथवा अपने आस-पास पानी को जमा न होने दें।
9. पर्यावरण के समर्थन में अपना सहयोग प्रदान करें।

**( जगदीश चन्द्रा )**
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)

**( गुलाम गौस )**
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
गदरपुर (ऊधम सिंह नगर)

**एवं**

**श्री जुनैद सभासद वार्ड न०1, श्रीमती मंजू सभासद वार्ड न०2, श्री ऋषभ काम्बोज सभासद वार्ड न०3, श्री अमरजीत सिंह सभासद वार्ड न०4, श्री परमजीत सिंह सभासद वार्ड न०5, श्री मनोज गुम्बर सभासद वार्ड न०6, श्री रोहित कुमार सभासद वार्ड न०7, श्री सतीश कुमार सभासद वार्ड न०8, श्रीमती मीनाक्षी सभासद वार्ड न०9, श्रीमती लीना संजीव झाम सभासद वार्ड न०10, श्रीमती विनीता फोगाट सभासद वार्ड न०11, श्री सुरेश खुराना, संदीप बत्रा नामित सभासद एंव समस्त पालिका परिवार।**

# कार्यालय जिला पंचायत ऊधमसिंह नगर

"समस्त विश्व में भारत का मान बढ़ाएं, प्लास्टिक पर हो पूर्ण प्रतिबन्ध ऐसी जन चेतना की अलख जगाये"

*74वें गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर की ओर से आप सभी जनपदवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं*

जनपद उधम सिंह नगर के ग्रामीण क्षेत्र के समस्त व्यवसायियों से अनुरोध है कि वे जिला पंचायत के सम्पत्ति एवं विभव 'कर' एवं लाइसेंस का भुगतान यथाशीघ्र इसी वित्तीय वर्ष में जमा करने का कष्ट करें। जिला पंचायत जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों हेतु सदैव तत्पर है।

समस्त ग्रामवासियों से अनुरोध है कि वे अपने आस-पास के क्षेत्र में सफाई व्यवस्था सुचारू रूप से बनाये रखें, एवं प्लास्टिक / थर्माकोल आदि से बने उत्पादों का प्रयोग न करें।

(तेज सिंह)
अपर मुख्य अधिकारी

(रेनू गंगवार)
अध्यक्ष

एवं

समस्त सम्मानित सदस्य जिला पंचायत ऊधम सिंह नगर


## पेज एक का शेष...

**गणतंत्र दिवस पर ....**करने और अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध होने का संकल्प लेने की भी प्रेरणा देता है। संविधान के अंतर्गत ही हम सभी की जिम्मेदारी यह भी है कि हम न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे के मूलभूत लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति सदैव प्रतिबद्ध रहें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी व भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट उपस्थित थे। वहीं मुख्य सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने सचिवालय में ध्वज फहराया और प्रदेशवासियों और सचिवालय के सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सचिवालय शासन-प्रशासन की शीर्ष संस्था है। प्रदेश और प्रदेशवासियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए हम सभी को अपना-अपना योगदान देना है। हमें प्रदेश के भविष्य को सुरक्षित रखने का सिर्फ विचार ही नहीं रखना बल्कि इसे अपनी भावना बनाना है। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी, श्री आनन्द बर्द्धन, प्रमुख सचिव श्री आर. के. सुधांशु, श्री एल. फैनाई, सभी सचिव, अपर सचिव सहित सचिवालय के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। **रूद्रपुर**- जिला मुख्यालय पर गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाईन में आयोजित हुआ। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कृषि एवं कृषक कल्याण, सैनिक कल्याण तथा जनपद प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि पुलिस लाइन पहुँचकर ध्वजारोहण किया तथा राष्ट्रगान के उपरान्त उपस्थित लोगों को संविधान की उद्देशिका शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि को पीआरडी, एनसीसी, स्काउट गाईड, पुलिस परेड की सलामी ली। श्री जोशीने 74वें गणतंत्र दिवस की सभी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि देश के उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ, जिन्होंने अपने जीवन का बलिदान दिया ताकि हम एक आजाद देश में सांस ले सकें। उन्होंने कहा कि हमारा देश 15 अगस्त 1947 को आजाद जरूर हुआ था लेकिन हमारा संविधान 26 जनवरी 1950 को लागु हुआ था, इस दिन भारत पूर्ण गणतंत्र बना था।उन्होंने कहा कि इस दिन भारत को अपना संविधान व कानून मिला और ब्रिटिश राज से पूरी तरह आजादी मिली। उन्होंने कहा कि यह भारत का संविधान ही है जो भारत के नागरिकों को एक सूत्र में बांधे रखता है, हमें अपने अधिकारों और कर्तव्यों का बोध करता है। उन्होंने कहा कि यह आठ दशकों का सफर हमारे राष्ट्र के लिए चुनौतियों भरा रहा है, 1947 में आजाद होने से लेकर आज ळ20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लोगों की सुरक्षा, किसानों का कल्याण सुनिश्चित करने, जीवन की सुगमता बढ़ाने, बुनियादी ढांचे और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा नेतृत्व में प्रौद्योगिकी प्रेरित विकास को बढ़ावा देने और व्यवसाय को सुगम बनाने के लिए विकास की पहल शुरू की गई। उन्होंने कहा कि सुशासन और गरीब कल्याण पर सरकार का प्रमुख फोकस है और देशवासियों ने जन-केंद्रित शासन की ओर एक आदर्श बदलाव देखा है।उन्होंने कहा कि सरकार रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्मश् अर्थात ''सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन''के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि देशभर में विकास को और अधिक गति देने के लिए सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक नीतियों और पहलों को लागू किया गया है।उन्होंने कहा कि बुनियादी ढांचे में सुधार, स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार, किसानों के कल्याण को सुनिश्चित करने और हाशिए पर रहने वालों की सुरक्षा पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने कहा कि महिला केंद्रित नीतियों ने रक्षा जैसे क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने में प्रमुख भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि पीएम किसान जैसी पहल देशभर में 12 करोड़ से अधिक किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ मिल रहा है और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने में परिवर्तनकारी कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत बीमा दावों के लिए 1.2 लाख करोड़ रुपये से अधिक का वितरण किया गया है और खेत से बाजार तक लॉजिस्टिक्स में सुधार के लिए 167 किसान रेल मार्गों का परिचालन किया गया है।श्री जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत तेजी से एक महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है, जहां हमारी आवाज सुनी जाती है और हमें एक समान भागीदार के रूप में देखा जाता है। विकास की अनेक पहलों के माध्यम से हम भारत की क्षमता को उजागर कर रहे हैं और जनता के नेतृत्व वाले शासन एवं समृद्धि का देश बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन तथा मा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के नेतृत्व में उत्तराखण्ड हर एक क्षेत्र में विकास की नयी गाथा लिख रहा है। उन्होंने कहा कि रोड कनेक्टिविटी, कृषि, औद्यानिकी, ग्राम्य विकास, स्वास्थ्य एवं शिक्षा जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व तरक्की कर रहा है और औद्यानिक एवं कृषि का समग्र विकास करते हुए कास्तकारों की आय में गुणात्मक वृद्धि हेतु महत्वपूर्ण कार्यक्रम संचालित करने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु राजसहायता में वृद्धि करते हुए पूर्ण सहयोग प्रदान किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सरकार सैनिकों के सम्मान एवं उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और निरंतर प्रयासरत है और देहरादून में बन रहा प्रदेश का पंचम धाम-सैन्यधाम इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों का गठन कर प्रदेश की महिलाओं की आर्थिक स्थिति में अभूतपूर्व सुधार की दिशा में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रोड कनेक्टिविटी के साथ साथ मोबाइल कनेक्टिविटी भी प्रदेश के गांव गांव तक पहुँच रही है।उन्होंने काह कि प्रदेश के युवा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारा प्रदेश का अभूत पूर्व विकास हो रहा है और मुझे विश्वास है की वर्ष 2025 तक हमारा प्रदेश, देश के अग्रणी राज्यों में सम्मिलित होगा और इसके लिए आप सभी का सहयोग महत्त्वपूर्ण है। उन्होंने आशा करते हुए कहा कि सभी व्यक्ति सरकार के साथ कंधे से कन्धा मिलकर उत्तराखंड को नयी ऊंचाइयों तक पहुंचाएंगे।श्री जोशी ने पुलिस लाइन में बारिश के बावजूद परेड ग्राउण्ड को सुखाकर भव्य कार्यक्रम आयोजित कराने पर पुलिस विभाग को दो लाख इक्यावन हजार रूपये इनाम देने की घोषणा करते हुए पुलिस विभाग द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना की।इस अवसर पर श्री जोशी ने शहीद सैनिकों सिपाही केसर राम की पत्नी धर्मा देवी, गाड्र्स मैन अशोक चन्द शाही की पत्नी भावना शाही, नायक खीम चन्द की पत्नी प्रेमा डोर्बी, राईफल मैन देव बहादुर की पत्नी लक्ष्मी देवी को सम्मानित किया। इस दौरान पुलिस विभाग के निरीक्षक मनोज रतूड़ी, भारत सिंह, बसन्ती आर्य, उप निरीक्षक भगवान गिरी, विनोद जोशी, अनिल उपाध्याय, दिनेश सिंह परिहार, भुवन चन्द्र जोशी, महेश चन्द्र काण्डपाल, ओम प्रकाश, कुसुम रावत, प्रदीप कोहली, देवेन्द्र गौरव, है.का.नवीन भट्ट, कांस्टेबल रंजीत, अमित, शैलेन्द्र, प्रेम कनवाल, कैलाश तौमक्याल, म.का. ललिता भट्ट, सनीता रावत को सम्मानित किया।इस अवसर पर कृषि, उद्यान, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास, ग्राम्य, शिक्षा विभाग, आपदा विभाग, रेशम, नगर निगम आदि द्वारा मनमोहक झांकी निकाली गई। इस दौरान सूचना विभाग के पंजीकृत दल तथा विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों द्वारा देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, जिला जज प्रेम सिंह खिमाल, जिलाधिकारी युगल किशोर पन्त, एसएसपी मन्जूनाथ टीसी, उप जिलाधिकारी प्रत्यूष सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.सुनीता चुफाल, जिला पंचायतीराज अधिकारी आरसी त्रिपाठी, एएसपी मनोज कत्याल सहित जिलाध्यक्ष भाजपा गुंजन सुखीजा, कमल जिन्दल के अलावा जिला महामंत्री अमित नारंग सहित जनता उपस्थित थी।

27 **अप्रैल को खुलेंगे...**राजपरिवार सहित बदरी-केदार मंदिर समिति, डिमरी धार्मिक केंद्रीय पंचायत के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन मौजूद थे। 2022 में कोरोनाकाल के दो साल बाद बिना बंदिशों के चली चारधाम यात्रा ने पिछले साल नया रिकॉर्ड बनाया। पहली बार चारों धामों में करीब 46 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए। 19 नवंबर को बदरीनाथ धाम के कपाट बंद होने के साथ ही चारधाम यात्रा का समापन हो गया था।बता दें कि पिछले वर्ष बदरीनाथ धाम में 17 लाख 60 हजार 646 श्रद्धालु पहुंचे थे। वहीं, रिकॉर्ड संख्या में गंगोत्री धाम में 624451 तीर्थ यात्री पहुंचे जबकि यमुनोत्री धाम में 485635 तीर्थ यात्रों दर्शनों के लिए पहुंचे। केदारनाथ यात्रा में रिकॉर्ड 15 लाख से अधिक श्रद्धालु पहुंचे थे। जबकि यात्रा से 211 करोड़ का कारोबार हुआ था।

**कांग्रेसियों ने निकाली...**राकेश खुराना, गिरीश चिटकारा, जितेंद्र संधू, सुनीता कश्यप, महेन्द्र कुमार, ओमप्रकाश दुआ,तिरपत पाल सिँह,ओमप्रकाश गंगवार, बंटी पपनेजा ,नितिन शर्मा, अशोक मित्रा, जीवन जोशी, खालिद अहमद, सरवर, इम्तियाज मलिक, दिलीप बिष्ट, एन यू खा, ताहिर मलिक, मिबायल कुरैशी, सोनी, वर्षा, मीना, सुखदेव सिँह,छोटू कोली,अंग्रेज सिँह, राजवीर सिँह,परवीन सैन, विनोद मौर्य,अर्जुन कोली, प्रवेश गंगवाल राजकुमार कश्यप, दलजीत कक्कड़, दीप हँसपाल आदि लोग उपस्थित रहे।

## एसपी सिटी ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर विभिन्न सरकारी, अर्धसरकारी कार्यालयों, विद्यालयों तथा अनेक संगठनों के कार्यालयों में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। नगर में प्रात: विभिन्न



स्कूलों के विद्यार्थियों ने प्रभात फेरी निकाली। 74 वे गणतंत्र दिवस के अवसर पर एस.पी.सिटी हरबंस सिंह द्वारा बहुउद्देशीय भवन मे राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया एवं सभी देशवासियों एवं देश के वीर जवानों को गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।


**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**

स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित

**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**

आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।

**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**

फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

